दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 08-07-2025

# सीआरएसयू यूनिवर्सिटी में बनाई रैपिड एक्शन कमेटी

## छात्रों और स्टाफ के लिए अलग-अलग होगी पार्किंग



जींद. सीआरएसयू में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बनाई रैपिड एक्शन कमेटी की बैठक लेते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी।

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए रैपिड एक्शन कमेटी बनाई है। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में कमेटी की पहली बैठक मंगलवार को हुई। इसमें नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए कई अहम फैसले लिए गए। छात्रों और स्टाफ के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए। इससे परिसर में वाहनों की अव्यवस्था रुकेगी। यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी। विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रणाली को भी नियमबद्ध करने पर चर्चा हुई। तय हुआ कि सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के वाहनों पर विशेष स्टीकर लगाए जाएंगे। बाहरी लोगों के लिए अलग नियम बनेंगे। इससे सुरक्षा और अनुशासन बना रहेगा।

सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों, प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों और असिस्टेंट प्रोफेसरों को अपने विभागों में अनुशासन बनाए रखने और रोजाना प्रॉक्टोरियल ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। सभी फैसले विश्वविद्यालय में अनुशासन और शैक्षणिक माहौल को मजबूत करने के लिए लिए गए हैं। बैठक में प्रॉक्टर प्रो. कुलदीप नारा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. सुनीति, डॉ. ज्योति, कैंपस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी ऑफिसर सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमर उजाला

Date : 08.07.2025

# सीआरएसयू में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 9 तक

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। सीआरएसयू में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि नौ जुलाई है। इसके बाद आगामी शेड्यूल जारी किया जाएगा।

कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी ने बताया कि स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत एमपीएड व बीपीएड की परीक्षाएं 14 जुलाई 2025 को सुबह नौ बजे होगी। एमपीएडव बीपीएड की परीक्षाएं 15 जुलाई 2025 को सुबह नौ बजे होगी।

## 21 जुलाई को जारी होगी प्रथम मेरिट सूची

प्रथम मेरिट सूची 21 जुलाई को जारी की जाएगी। इस सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा की प्रक्रिया 22 जुलाई को शाम चार बजे तक रहेगी। जिन विद्यार्थियों का शुल्क 22 जुलाई तक फीस जमा नहीं करवाई तो उनको 23 जुलाई को शाम चार बजे अंतिम मौका दिया जाएगा। द्वितीय मेरिट सूची 24 जुलाई को जारी होगी।

हरिभूमि

जींद - Page 4

Date 8 July 2025

कार्यक्रम

सीआरएसयू में रैपिड एक्शन कमेटी अनुशासन एवं व्यवस्था को देखेगी, पहली बैठक में लिए कई निर्णय

# विश्विविद्यालय में प्रवेश प्रणाली को बनाया जाएगा नियमबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में व्यवस्था एवं अनुशासन को बनाए रखने के लिए एक रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है। इसकी कुलपति की अध्यक्षता में सोमवार को पहली बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा और विश्वविद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से छात्रों व विश्वविद्यालय स्टाफ टीचिंग व नॉन टीचिंग के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया। इससे परिसर में वाहनों की अव्यवस्था को रोकने और समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली को नियमबद्ध करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के वाहनों के लिए विशेष स्टीकर जारी किए जाएंगे। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश के लिए भी पृथक नियम बनाए जाएंगेए जिससे परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा बनी रहे। शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी विभागाध्यक्षए संकायाध्यक्षए प्रोफेसरए एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर को अपने.अपने विभागों में अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा दैनिक प्रॉक्टोरियल ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्तए गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिकोण से एक एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया। सभी निर्णय रैपिड एक्शन कमेटी द्वारा विश्वविद्यालय में अनुशासन एवं अकादमिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लिए गए। समिति की अगली बैठक आगामी दो-तीन दिनों में पुनः कुलगुरु कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रगति की समीक्षा व अहम बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।



- वीसी में पार्किंग स्थलों का किया गया निर्धारण, कार्रवाई के दिए निर्देश।

## ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रो. डा. कुलदीप नारा, डा. जसबीर सिंह, डा. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर डा. नरेश देशवाल, डा. सुनीति, डा. ज्योति, कैम्पस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी ऑफिसर सुरेंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।

TUE,08 JULY 2025
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

# रैपिड एक्शन कमेटी अनुशासन एवं व्यवस्था करेगी सुनिश्चित : प्रो. रामपाल सैनी



मीटिंग लेते वी.सी.।

जींद, 7 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में व्यवस्था एवं अनुशासन को बनाए रखने के लिए एक रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है। इसकी कुलपति की अध्यक्षता में आज पहली बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा और विश्वविद्यालय परिसर में व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से छात्रों व विश्वविद्यालय स्टाफ (टीचिंग व नॉन-टीचिंग) के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया। इससे परिसर में वाहनों की अव्यवस्था को रोकने और समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली को नियमबद्ध करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के वाहनों के लिए विशेष स्टीकर जारी किए जाएंगे। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश के लिए भी पृथक नियम बनाए जाएंगे, जिससे परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा बनी रहे।

शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, प्रोफैसर, एसोसिएट प्रोफैसर एवं असिस्टेंट प्रोफैसर को अपने-अपने विभागों में अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा दैनिक प्रॉक्टोरियल ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिकोण से एक एम्बुलैंस की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया। सभी निर्णय रैपिड एक्शन कमेटी द्वारा विश्वविद्यालय में अनुशासन एवं अकादमिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लिए गए। समिति की अगली बैठक आगामी 2-3 दिनों में पुन: कुलगुरु कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रगति की समीक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर प्रोफैसर डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी आफिसर डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. सुनीति, डॉ. ज्योति, कैम्पस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी ऑफिसर सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जागरण
Date : 08.07.2025

# सीआरएसयू में प्रवेश के लिए स्टाफ व छात्रों के वाहनों के लिए जारी होंगे स्टीकर, कमेटी करेगी पूरी व्यवस्था

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में व्यवस्था और अनुशासन को बनाए रखने के लिए एक रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है। जिसकी वीसी की अध्यक्षता में सोमवार को पहली बैठक हुई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा और विश्वविद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रमुख रूप से छात्रों व विश्वविद्यालय स्टाफ (टीचिंग व नान टीचिंग) के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया। इससे परिसर में वाहनों की अव्यवस्था को रोकने और समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली को नियमबद्ध करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के वाहनों के लिए विशेष स्टीकर जारी किए जाएंगे। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश के लिए भी पृथक नियम बनाए जाएंगे, जिससे परिसर में अनुशासन व सुरक्षा बनी रहे। शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर को अपने-अपने विभागों में अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने और दैनिक प्राक्टोरियल ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, गर्ल्स हास्टल की सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिकोण से एक एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया। सभी निर्णय रैपिड एक्शन कमेटी द्वारा विश्वविद्यालय में अनुशासन व अकादमिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लिए गए। समिति की अगली बैठक आगामी दो- तीन दिनों में दोबारा वीसी कार्यालय में की जाएगी।

जिसमें प्रगति की समीक्षा और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर प्रोफेसर कुलदीप नारा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डा. जसबीर सिंह, डा. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी आफिसर डा. नरेश देशवाल, डा. सुनीति, डा. ज्योति, कैंपस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी आफिसर सुरेंद्र उपस्थित रहे।


बैठक में चर्चा करते हुए वीसी स्टाफ के साथ। • सौ. वीसी